पत्र संख्या– 2345 /(प्रशिक्षण)/उ0प्र0रा0क0प्र0एवं शो0सं0लखनऊ/2024–25/राज्य कर

अपर निदेशक,

उ0 प्र0 राज्य कर प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, लखनऊ।

दिनांक :: 12 मार्च, 2025

### –: कार्यालय आदेश :–

जी0एस0टी0 (माल एवं सेवा कर) अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाने तथा "एक राष्ट्र, एक कर" प्रणाली के सिद्धान्त पर आधारित एकीकृत कर प्रणाली है। जी0एस0टी0 व्यवस्था में प्रभावी कार्यान्वयन तथा अनुश्रवण हेतु प्रशिक्षण सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग है। प्रशिक्षण के माध्यम से जी0एस0टी0 के अन्तर्गत नियमित प्रशिक्षण न केवल नीतियों एवं प्रकियाओं को सरलता से समझने में मदद करता है बल्कि जी0एस0टी0 के अन्तर्गत होने वाले संशोधनों एवं नये नियमों से भी विभागीय अधिकारियों को अपडेट रखता है। इसके अतिरिक्त जी0एस0टी0 प्रकिया के सरलतापूर्वक संचालन के लिए तकनीकी कौशल हेतु प्रशिक्षण प्रभावी भूमिका का निर्वहन करता है।

प्रशिक्षण को प्रभावी बनाये जाने के लिए प्रशिक्षण के पूर्व अधिकारियों का Training Need Analysis (TNA) किया जाना आवश्यक है। विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड-1 व अपर आयुक्त ग्रेड-2 के लिए TNA हेतु Questionnaire निर्मित किया गया है। इस Questionnaire के आधार पर अपर आयुक्त ग्रेड-1 व अपर आयुक्त ग्रेड-2 द्वारा Online Test दिया जाना है जिसका विवरण निम्नवत् है :–

| | |
|---|---|
| Portal | – EIMS Portal |
| Login | – EIMS हेतु उपयोग किये जाने वाले लॉग–इन |
| दिनांक/दिन | – 22 मार्च, 2025 दिन शनिवार |
| समय | – अपराह्न 12:00 बजे से 2:00 बजे तक |

Online Test हेतु Process निम्नवत् है :–

1. अधिकारियों द्वारा EIMS Portal पर Login Credentials से लॉगिन करना।
2. लॉगिन कर स्कीन के ऊपरी भाग में " TNA Questionnaire " नाम से लिंक उपलब्ध होगा।
3. "TNA Questionnaire" लिंक पर क्लिक करने पर Online Test हेतु प्रश्न स्कीन पर उपलब्ध होगा।
4. सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर "Answer"के अन्तर्गत उपलब्ध फील्ड में अंकित किया जायेगा। उत्तर देने हेतु 1500 Character की सीमा उपलब्ध है।
5. "Answer "के अन्तर्गत उपलब्ध फील्ड Bilingual होगी अर्थात अधिकारी उसमें अंग्रेजी अथवा यूनिकोड Mangal Font में हिन्दी में उत्तर अंकित कर सकते है।
6. प्रत्येक उत्तर को अंकित करके Save बटन पर क्लिक किया जायेगा।
7. सभी प्रश्नों के उत्तर देने के पश्चात **Finally Submit** का बटन क्लिक कर अन्तिम रूप से Test Submit किया जायेगा। लॉगिन करने के 120 मिनट पूर्ण होते ही सॉफ्टवेयर स्वयं सम्बन्धित अधिकारी को लॉग–आउट कर देगा। इसलिए समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाये।

उक्त टेस्ट के सम्बन्ध में किसी तकनीकी समस्या के समाधान के लिए श्री हिमांशु वर्मा, संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर मुख्यालय के मोबाइल नम्बर– 7017503459 अथवा श्री राजीव द्विवेदी, प्रोजेक्ट मैनेजर के मोबाइल नम्बर–8090015316 से सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित करें।

(डॉ0 नितिन बंसल)
आयुक्त, राज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनाक उक्त :-

प्रतिलिपि–

1– वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी/उपायुक्त राज्य कर को आयुक्त महोदय के अवलोकन हेतु।
2– अपर आयुक्त राज्य कर उ0 प्र0, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित ।
3– समस्त जोनल अपर आयुक्त राज्य कर उ0 प्र0 को अनुपालनार्थ।
4– संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को इस सम्बन्ध में माडयूल निर्मित करने हेतु तथा विभागीय बेवसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

(डॉ0 चन्द्र प्रकाश मिश्र)
अपर आयुक्त ग्रेड–1/अपर निदेशक
उ0 प्र0 राज्य कर प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान
लखनऊ।